# Hindi
## Paper II
# हिंदी
## प्रश्नपत्र II

**Time Allowed : 75 Minutes]** **[Maximum Marks : 100**

**सूचनाएँ :** (*i*) इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं।

(*ii*) प्रत्येक प्रश्न के **दो** अंक हैं।

(*iii*) सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. खड़ीबोली हिंदी की आधार बोली का नाम है :
   (A) हरियाणवी
   (B) भोजपुरी
   (C) कौरवी
   (D) छत्तीसगढ़ी

2. अपभ्रंश की उत्तरकालीन अवस्था का नाम है :
   (A) पालि
   (B) अवहट्ट
   (C) प्राकृत
   (D) संस्कृत

3. इनमें कौनसी बोली पूर्वी हिंदी की है ?
   (A) मैथिली
   (B) मालवी
   (C) छत्तीसगढ़ी
   (D) मारवाड़ी

4. आरंभ में ''डेरे की भाषा'' किसे कहा जाता था ?
   (A) फ़ारसी
   (B) उर्दू
   (C) हिंदी
   (D) अफ़ग़ानी

5. संविधान की किस अनुसूची में भारत की मान्य भाषाएँ उल्लिखित हैं ?
   (A) पंचम
   (B) प्रथम
   (C) अष्टम
   (D) षष्ठ

6. क च ट त प ध्वनियाँ हैं :
   (A) घोष महाप्राण
   (B) अघोष अल्पप्राण
   (C) महाप्राण
   (D) घोष महाप्राण

7. राजभाषा विभाग ने हिंदी प्रयोग क्षेत्र के रूप में पंजाब को किसके अन्तर्गत माना है ?

(A) क क्षेत्र

(B) ख क्षेत्र

(C) ग क्षेत्र

(D) घ क्षेत्र

8. 'गार्सा-द-तांसी' के हिंदी साहित्य के इतिहास की रचना कब हुई ?

(A) 1839

(B) 1900

(C) 1845

(D) 1880

9. 'चौरासी वैष्णवन की वार्ता' के रचयिता कौन हैं ?

(A) गोरखनाथ

(B) गोकुलनाथ

(C) चर्पटनाथ

(D) गोपीचन्द्रनाथ

10. राहुल सांकृत्यायन ने हिंदी साहित्य के आदिकाल को क्या कहा है ?

(A) लोकभाषा साहित्य काल

(B) अपभ्रंश काल

(C) चारण काल

(D) सिद्ध-सामंत युग

11. 'संदेश रासक' के रचयिता हैं :

(A) स्वयंभू

(B) पुष्पदंत

(C) अब्दुर्रहमान

(D) हरिभद्र सूरि

12. हिंदी साहित्य के भक्तिकाल को स्वर्ण युग किसने कहा ?

(A) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(B) ग्रियर्सन

(C) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

(D) मिश्रबंधु

13. कबीरदास किसके समकालीन थे ?
    (A) सिकंदर लोदी
    (B) शाहजहाँ
    (C) हुमायूँ
    (D) अकबर

14. 'मृगावती' के रचनाकार हैं :
    (A) कुतुबन
    (B) मंझन
    (C) जायसी
    (D) उसमान

15. वल्लभ सम्प्रदाय के कवि हैं :
    (A) सर्वश्री भट्ट
    (B) दामोदर दास
    (C) कुंभन दास
    (D) बिहारिन दास

16. 'पानी गये न ऊबरे मोती मानुष चून' किसकी पंक्ति है ?
    (A) बिहारी
    (B) विद्यापति
    (C) रहीम
    (D) कबीर

17. 'रीतिकाल' नामकरण किसने किया ?
    (A) ग्रियर्सन
    (B) रामचंद्र शुक्ल
    (C) मिश्रबंधु
    (D) हजारीप्रसाद द्विवेदी

18. मराठी भाषी प्रसिद्ध हिंदी कवि हैं :
    (A) अनंत गोपाल शेवड़े
    (B) नामदेव
    (C) गिरीश कर्नाड
    (D) विजय तेंदुलकर

19. 'बसेरे से दूर' किसकी आत्मकथा है ?
    (A) राहुल सांकृत्यायन
    (B) हरिवंशराय 'बच्चन'
    (C) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
    (D) यशपाल

20. 'साकेत' के नवम सर्ग का महत्त्व किस दृष्टि से है ?
    (A) ऊर्मिला का विरह
    (B) कैकेयी का परिताप
    (C) भरत का भ्रातृ-प्रेम
    (D) राम का राज्य त्याग

21. 'छायावाद' नामकरण किसने किया ?

(A) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

(B) नंददुलारे वाजपेयी

(C) मुकुटधर पाण्डेय

(D) जयशंकर 'प्रसाद'

22. 'प्रगतिशील लेखक संघ' का प्रथम अधिवेशन कहाँ हुआ था ?

(A) लखनऊ

(B) बनारस

(C) इलाहाबाद

(D) नागपुर

23. 'आधुनिक काल' को 'गद्य काल' किस इतिहासकार ने कहा ?

(A) डॉ. रामकुमार वर्मा

(B) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(C) आ. रामचन्द्र शुक्ल

(D) डॉ. नगेन्द्र

24. जयशंकर 'प्रसाद' के उपन्यास का नाम है :

(A) सुनीता

(B) कंकाल

(C) दिव्या

(D) अमृत और विष

25. प्रेमचंद के किस उपन्यास का मूल नाम 'बाज़ार-ए-हुस्न' था ?

(A) सेवासदन

(B) गोदान

(C) रंगभूमि

(D) प्रेमाश्रम

26. हरिशंकर परसाई की रचनाएँ हैं :

(1) भूत के पाँव

(2) सदाचार का तावीज़

(3) निठल्ले की डायरी

(4) छितवन की छाँह

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) 1, 2 और 3

(B) 1, 2 और 4

(C) 1, 3 और 4

(D) 2, 3 और 4

27. बालकृष्ण भट्ट के नाटक हैं :

(1) रेल का विकट खेल

(2) बाल विवाह

(3) वारांगना

(4) जैसा काम वैसा परिणाम

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) 1, 2 और 3

(B) 1, 2 और 4

(C) 2, 3 और 4

(D) 1, 3 और 4

28. भारतेन्दु युग के नाटककार हैं :

(1) जयशंकर 'प्रसाद'

(2) बालकृष्ण भट्ट

(3) प्रतापनारायण मिश्र

(4) राधाकृष्ण दास

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) 1, 2 और 3

(B) 2, 3 और 4

(C) 1, 3 और 4

(D) 1, 2 और 4

29. इलाचन्द्र जोशी के उपन्यास हैं :

(1) जहाज का पंछी

(2) सुखदा

(3) संन्यासी

(4) पर्दे की रानी

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) 1, 2 और 3

(B) 2, 3 और 4

(C) 1, 3 और 4

(D) 1, 2 और 4

30. उषा प्रियंवदा के उपन्यास हैं :

(1) पचपन खंभे लाल दीवारें

(2) शेष यात्रा

(3) रुकोगी नहीं राधिका

(4) उसका घर

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) 1, 2 और 3

(B) 2, 3 और 4

(C) 1, 3 और 4

(D) 2, 1 और 4

31. प्रकाशन काल के अनुसार पत्रिकाओं का **सही** क्रम है :

(A) सुदर्शन, सरस्वती, मतवाला, दिनमान

(B) सरस्वती, दिनमान, मतवाला, सुदर्शन

(C) सुदर्शन, दिनमान, सरस्वती, मतवाला

(D) सुदर्शन, मतवाला, दिनमान, सरस्वती

32. देवनागरी लिपि का **सही** विकास क्रम है :

(A) गुप्त लिपि, ब्राह्मी लिपि, कुटिल लिपि, देवनागरी लिपि

(B) देवनागरी लिपि, ब्राह्मी लिपि, कुटिल लिपि, गुप्त लिपि

(C) ब्राह्मी लिपि, गुप्त लिपि, कुटिल लिपि, देवनागरी लिपि

(D) कुटिल लिपि, गुप्त लिपि, ब्राह्मी लिपि, देवनागरी लिपि

33. हिंदी भाषा के विकास का ऐतिहासिक क्रम है :

(A) पालि, प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश

(B) संस्कृत, पालि, प्राकृत, अपभ्रंश

(C) प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश, पालि

(D) संस्कृत, प्राकृत, पालि, अपभ्रंश

34. प्रेमचंद के उपन्यासों का **सही** रचना क्रम है :

(A) गोदान, रंगभूमि, सेवासदन, कायाकल्प

(B) रंगभूमि, कायाकल्प, सेवासदन, गोदान

(C) कायाकल्प, रंगभूमि, गोदान, सेवासदन

(D) सेवासदन, रंगभूमि, कायाकल्प, गोदान

35. काल-क्रम के अनुसार आधुनिक प्रबंध काव्यों का **सही** वर्ग है :

(A) प्रियप्रवास, कामायनी, नूरजहाँ, उर्वशी

(B) कामायनी, नूरजहाँ, प्रियप्रवास, उर्वशी

(C) नूरजहाँ, प्रियप्रवास, उर्वशी, कामायनी

(D) प्रियप्रवास, नूरजहाँ, कामायनी, उर्वशी

36. प्रगतिवादी काव्य धारा की दृष्टि से कौन-सा वर्ग संगत है ?

(A) नागार्जुन, केदारनाथ अग्रवाल, त्रिलोचन, रामविलास शर्मा

(B) जगदीश गुप्त, केदारनाथ अग्रवाल, धूमिल, त्रिलोचन

(C) त्रिलोचन, केदारनाथ अग्रवाल, धूमिल, मधुकर

(D) रामविलास शर्मा, त्रिलोचन, अजित कुमार, उदय प्रकाश

37. 'कामायनी' के सर्गों के क्रम का कौनसा वर्ग संगत है ?

(A) श्रद्धा, आनंद, उत्साह, चिंता

(B) चिंता, इड़ा, निर्वेद, आनंद

(C) उत्साह, चिंता, इड़ा, आनंद

(D) इड़ा, आनंद, उत्साह, श्रद्धा

38. निराला की रचनाओं का कालक्रमानुसार संगत वर्ग है :

(A) सान्ध्य काकली, तुलसीदास, रवीन्द्र कविता कानन, परिमल

(B) परिमल, विधवा, अनामिका, सान्ध्य काकली

(C) विधवा, राम की शक्ति पूजा, बादल राग, रवीन्द्र कविता कानन

(D) रवीन्द्र कविता कानन, परिमल, अनामिका, सान्ध्य काकली

39. हिंदी संत काव्य परम्परा की दृष्टि से कौन–सा वर्ग संगत है ?

(A) चरनदास, धर्मदास, कबीरदास, कुम्भनदास

(B) सूरदास, कबीरदास, नन्ददास, बिहारिनदास

(C) रैदास, मलूकदास, चरनदास, सुन्दरदास

(D) कुम्भनदास, मलूकदास, रैदास, हरिदास

40. हिंदी के निबंधकारों का कालक्रमानुसार कौनसा वर्ग संगत है ?

(A) भारतेन्दु, रामचन्द्र शुक्ल, हजारीप्रसाद द्विवेदी, निर्मल वर्मा

(B) भारतेन्दु, विवेकीराय, रामचंद्र शुक्ल, हजारीप्रसाद द्विवेदी

(C) निर्मल वर्मा, विवेकीराय, भारतेन्दु, प्रतापनारायण मिश्र

(D) प्रतापनारायण मिश्र, भारतेन्दु, रामचन्द्र शुक्ल, निर्मल वर्मा

41. भक्तिकाल के प्रधान आचार्यों का उनके मतों से सुमेलन कीजिए :

| | |
|---|---|
| (*a*) रामानुजाचार्य | (1) द्वैताद्वैत |
| (*b*) मध्वाचार्य | (2) विशिष्टाद्वैत |
| (*c*) विष्णु स्वामी | (3) द्वैतवाद |
| (*d*) निम्बार्काचार्य | (4) शुद्धाद्वैत |
| | (5) भावाद्वैत |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 5 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 2 | 3 | 5 | 4 |
| (D) | 4 | 2 | 1 | 3 |

42. उपन्यासों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (*a*) मेरी तेरी उसकी बात | (1) अमृतलाल नागर |
| (*b*) घरौंदा | (2) राही मासूम रज़ा |
| (*c*) सीमाएँ टूटती हैं | (3) रांगेय राघव |
| (*d*) नाच्यौ बहुत गोपाल | (4) यशपाल |
| | (5) जैनेन्द्र |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (***a***) | (***b***) | (***c***) | (***d***) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 5 | 2 | 1 | 4 |
| (B) | 4 | 2 | 5 | 3 |
| (C) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

43. कवियों को उनकी कृतियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (*a*) नरेश मेहता | (1) पंचवटी |
| (*b*) मैथिलीशरण गुप्त | (2) तुलसीदास |
| (*c*) निराला | (3) वैदेही वनवास |
| (*d*) हरिऔध | (4) संशय की एक रात |
| | (5) उसका घर |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (***a***) | (***b***) | (***c***) | (***d***) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 5 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 5 | 3 | 2 | 4 |

44. नाटककारों को उनकी रचनाओं के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (*a*) मोहन राकेश | (1) राज्यश्री |
| (*b*) प्रतापनारायण मिश्र | (2) लहरों के राजहंस |
| (*c*) प्रेमघन | (3) गोसंकट |
| (*d*) जयशंकर 'प्रसाद' | (4) भारत सौभाग्य |
| | (5) अंधायुग |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (***a***) | (***b***) | (***c***) | (***d***) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 5 | 2 | 1 | 3 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (D) | 5 | 2 | 3 | 1 |

45. एकांकीकारों को उनके एकांकियों से सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (*a*) लक्ष्मीनारायण मिश्र | (1) रीढ़ की हड्डी |
| (*b*) मन्नू भण्डारी | (2) अण्डे के छिलके |
| (*c*) मोहन राकेश | (3) ताजमहल के आँसू |
| (*d*) जगदीशचन्द्र माथुर | (4) प्रकाश और परछाई |
| | (5) बिना दीवारों का घर |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (***a***) | (***b***) | (***c***) | (***d***) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 5 | 2 | 1 |
| (B) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (C) | 4 | 5 | 2 | 1 |
| (D) | 2 | 3 | 4 | 5 |

46. **स्थापना** : वीरगाथाकालीन रासो ग्रन्थों की ऐतिहासिकता संदिग्ध है।

**तर्क** : रासो ग्रन्थ ऐतिहासिक ग्रन्थ नहीं हैं, काव्य-ग्रंथ हैं।

(A) उपर्युक्त स्थापना सही, तर्क गलत है।
(B) उपर्युक्त स्थापना और तर्क दोनों सही हैं।
(C) उपर्युक्त स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं।
(D) उपर्युक्त स्थापना गलत और तर्क सही है।

47. **स्थापना** : रीतिकाल के आचार्य कवि लक्षण ग्रंथों के निर्माता थे।

**तर्क** : काव्यशास्त्र के सिद्धान्तों को सरस रूप में उन्होंने प्रस्तुत किया।

(A) उपर्युक्त स्थापना और तर्क दोनों सही हैं।
(B) उपर्युक्त स्थापना सही और तर्क गलत है।
(C) उपर्युक्त स्थापना और तर्क गलत हैं।
(D) उपर्युक्त स्थापना गलत और तर्क सही है।

48. **स्थापना** : 'कामायनी' मनु के व्यक्तिगत जीवन की ऐतिहासिक कथा है।

**तर्क** : कामायनी में इतिहास तथा कल्पना का मिश्रण है।

(A) उपर्युक्त स्थापना सही, तर्क गलत है।
(B) उपर्युक्त स्थापना और तर्क दोनों सही हैं।
(C) उपर्युक्त स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं।
(D) उपर्युक्त स्थापना गलत और तर्क सही हैं।

49. **स्थापना** : प्रयोगवादी कविता में ह्रासोन्मुखी मध्यवर्गीय समाज का चित्रण नहीं है।

**तर्क** : प्रयोगवादी कविता ने अभिजात वर्ग का चित्रण किया है।

(A) उपर्युक्त स्थापना सही, तर्क गलत है।
(B) उपर्युक्त स्थापना और तर्क दोनों सही हैं।
(C) उपर्युक्त स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं।
(D) उपर्युक्त स्थापना गलत और तर्क सही है।

50. **स्थापना** : महावीरप्रसाद द्विवेदी ने पहली बार हिंदी का मानकीकरण किया।

**तर्क** : क्योंकि मूलतः वे कथाकार थे।

(A) उपर्युक्त स्थापना सही, तर्क गलत है।
(B) उपर्युक्त स्थापना और तर्क दोनों सही हैं।
(C) उपर्युक्त स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं।
(D) उपर्युक्त स्थापना गलत और तर्क सही है।

ROUGH WORK